भारी उद्योग मंत्रालय

# हाइब्रिड वाहन

प्रविष्टि तिथि: 06 AUG 2024 5:24PM by PIB Delhi

भारत में इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहनों के विनिर्माण और उपयोग को बढ़ावा देने के लिए, केंद्र सरकार ने अखिल भारतीय स्तर पर 2015 में भारत में (हाइब्रिड और) इलेक्ट्रिक वाहनों के तेजी से अपनाने और विनिर्माण (एफएएमई इंडिया) योजना शुरू की थी, जिसका उद्देश्य जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को कम करना और वाहनों से होने वाले उत्सर्जन के मुद्दों को हल करना है। इसके अलावा, एफएएमई इंडिया योजना के चरण-II को 1 अप्रैल, 2019 से 5 साल की अवधि के लिए लागू किया गया, जिसके लिए कुल 11,500 करोड़ रुपये का बजटीय समर्थन दिया गया था। एफएएमई II के तहत, हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों के उपभोक्ताओं (खरीदारों/अंतिम उपयोगकर्ताओं) को प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है।

यह जानकारी आज लोकसभा में एक लिखित उत्तर में भारी उद्योग और इस्पात राज्य मंत्री श्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा ने दी।

********

**एमजी/एआर/आरपी/जेके**

(रिलीज़ आईडी: 2042299) आगंतुक पटल : 356

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Urdu , Hindi_MP , Marathi